दैनिक भास्कर 19/04/2023

# यूनिवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में राधिका रही प्रथम



राधिका, महक व हर्षिता।

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने केयू की वार्षिक परीक्षा 2022 के प्रथम समेस्टर में अच्छे अंक प्राप्त किए। एमए अंग्रेजी के 2022 के प्रथम समेस्टर में कॉलेज की 3 छात्राओं ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। राधिका जैन ने पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान पाया। हर्षिता ने 500 में से 349 अंक लिए और यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में 9वें स्थान पर रही। महक 348 अंक हासिल कर 10वें स्थान पर रही। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने अंग्रेजी विभाग व स्टूडेंट्स को बधाई दी। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह व अन्य सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।